बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R), 224771 (O)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

Truth will Triumph

पटना

पत्र संख्या 10

दिनांक 1.3.03

प्रेषक,

श्री गंगाधर लाल दास,
बि0 प्र0 से0,
महासचिव,
बिहार प्रशासनिक सेवा ।

सेवा में,

सचिव,
कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग,
मुख्य सचिवालय, पटना ।

विषय:- श्री दिवाकान्त चौधरी (बि0प्र0से0) को वरीय प्रवर कोटि में प्रोन्नति के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे कहना है कि श्री दिवाकान्त चौधरी, 24 वीं बैच के उप समाहर्त्ता संवर्ग के पदाधिकारी हैं, वर्ष 1998 में ही 24 वीं बैच के साथ-साथ 25 वीं बैच के नियमित कनीय प्रवर कोटि के उप समाहर्त्ताओं को वरीय प्रवर कोटि के अपर समाहर्त्ता संवर्ग में प्रोन्नति दी जा चुकी है । श्री चौधरी के निलंबित रहने के कारण वर्ष 1998 को विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में इनकी प्रोन्नति पर विचार नहीं किया जा सका है और पद सुरक्षित रखा गया है । (जैसाकि कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा निर्गत संलेख ज्ञापांक 794 दिनांक-30.1.99 में उल्लेख है) । इसी प्रकार वर्ष 2001 में दिनांक 19.6.2001 को आयोजित विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में आरोप के कारण पद को सुरक्षित रखते हुए उनकी प्रोन्नति का मामला लंबित रखा गया । (जैसाकि कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा निर्गत संलेख ज्ञाप सं0-1980 दिनांक 25.2.2002 में उल्लेख है) ।

श्री चौधरी सितम्बर 2000 में ही निलंबन से मुक्त हो चुके हैं और तब से बिहार सरकार गृह (विशेष) विभाग के अवर सचिव के पद पर कार्यरत हैं । आरोप से संबंधित विभागीय कार्यवाही का निष्पादन भी सितम्बर 2001 में ही हो चुका है । विभागीय कार्यवाही के फलाफल के आधार पर श्री चौधरी की प्रोन्नति देय तिथि से तीन वर्ष तक रोकी गई थी । उपलब्ध जानकारी के अनुसार श्री चौधरी की प्रोन्नति

पृ0 2..पर

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R) 224771 (O)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(ज़ी० एल० दास)

Truth will Triumph

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

पटना

पत्र संख्या ....   दिनांक............................

की देय तिथि वर्ष 98 से ही होती है, क्योंकि इसी वर्ष से बल्कि और पहले वर्ष 97 से ही श्री चौधरी के लिए अपर समाहर्त्ता संवर्ग के पद की रिक्ति हो गई थी । इस प्रकार मार्च 2001 में ही उक्त तीन वर्ष की प्रतिबंधित समय सीमा समाप्त हो चुकी है ।

श्री चौधरी बार-2 विभाग में अपना अभ्यावेदन समर्पित करते रहे हैं । परन्तु स्थिति इतनी दुःखद है कि आज तक इनके मामले पर कोई कार्रवाई नहीं की गई ।

अतः अनुरोध है कि विभागीय प्रोन्नति समिति की विशेष बैठक बुलाकर श्री चौधरी को प्रोन्नति पर विचार कर प्रोन्नति देने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

गंगाधर लाल दास 1.3.03

{गंगाधर लाल दास}
महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा ।

ज्ञापांक-_______________/   दिनांक-_________________/

प्रतिलिपिः-श्री दिवांकान्त चौधरी {वि०प्र०से०} अवर सचिव गृह {विशेष} विभाग, मुख्य सचिवालय पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

गंगाधर लाल दास 1.3.03

{गंगाधर लाल दास}
महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा ।